समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# ईरान-इजरायल की जंग के बीच बोले पाकिस्तानी PM शहबाज शरीफ, कहा- 'यह बेहद गैरजिम्मेदाराना कदम है'.

Publisher
Published on 13 Jun 2025



## ईरान पर इजरायली हमले के बाद पाकिस्तान का रिएक्शन, शहबाज शरीफ ने की कड़ी आलोचना।

ईरान और इजरायल के बीच गहराते तनाव के बीच अब पाकिस्तान भी इस मुद्दे में कूद पड़ा है।
**पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमले की कड़ी निंदा की है।**
उन्होंने कहा कि यह हमला "**गैरजिम्मेदाराना और चिंताजनक**" है और इससे क्षेत्र में और अधिक अस्थिरता फैलने का खतरा है।

**शहबाज शरीफ ने एक्स पर जताई नाराजगी**
पाकिस्तान के **पीएम शहबाज शरीफ** ने **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व मे ट्विटर)** पर एक पोस्ट में कहा: "मैं ईरान पर किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूँ। इस हमले में हुई मौतों पर ईरानी लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। यह बेहद गैरजिम्मेदाराना और चिंताजनक कृत्य है। हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र से अपील करते हैं कि वैश्विक शांति को खतरे में डालने वाली किसी भी गतिविधि को रोका जाए।"

**इजरायल ने किया ईरान पर बड़ा हमला, टॉप सैन्य कमांडर ढेर**
**इजरायली डिफेंस फोर्स (IDF)** ने शुक्रवार सुबह दावा किया कि उन्होंने ईरान के **टॉप मिलिट्री कमांडर्स** को एक सटीक हवाई हमले में मार गिराया है।
**IDF** के अनुसार, 200 से ज्यादा **फाइटर जेट्स** ने यह हमला किया। इसमें **ईरान की IRGC** और आपातकालीन सैन्य कमान

के शीर्ष अधिकारी मारे गए हैं।

**IDF** ने यह भी कहा कि ताजा खुफिया इनपुट के मुताबिक **ईरान अब परमाणु हथियार** बनाने के अंतिम चरण के बेहद करीब पहुंच चुका है।

ईरान का जवाब: 100 से ज्यादा ड्रोन दागे इजरायल पर
बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने भी करारा जवाब दिया।
ईरानी सेना ने 100 से ज्यादा ड्रोन इजरायल की ओर दागे हैं।
IDF प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने पुष्टि की कि इजरायल की सेना इन ड्रोनों को इंटरसेप्ट करने में लगी हुई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.